# प्रतिवेदन

परियोजना का नाम :- जनपद चमोली के अन्तर्गत गोविन्दघाट-घांघरिया-हेमकुण्ड साहिब पैदल मार्ग पर रैन, शेल्टर, म्यूलहट, गैंगहट, सुलभ शौचालय, वास आउट पैदल मार्ग, झुला पुल, ट्राली एवं हैलीपैड निर्माण हेतु वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

जनपद चमोली के विकासखण्ड के अन्तर्गत गोविन्दघाट-घांघरिया-हेमकुण्ड साहिब पैदल मार्ग पर रैन, शेल्टर, म्यूलहट, गैंगहट, सुलभ शौचालय, वास आउट पैदल मार्ग, झुला पुल, ट्राली एवं हैलीपैड निर्माण हेतु शा0सं0 5381/III(2)/12-18 (प्रा0आ0)/2009 दिनांक 02.11.2012 द्वारा ₹ 666.69 लाख, शा0सं0 5382/III(2)/14-26 (प्रा0आ0)/2014 दिनांक 30.09.2014 द्वारा ₹ 1268.35 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उपरोक्त समस्त निर्माण श्रद्धालुओ/पर्यटकों के साथ ही स्थानीय जनता को भी आवागमन की सुवधिा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित किया जाना है, जिस हेतु 0.893 हे0 सिविल/आरक्षित वनभूमि हस्तान्तरण का यह प्रस्ताव गठित किया जा रहा है। उपरोक्त समस्त निर्माण के उत्सर्जितज मलवे का उपयोग निर्माण कार्य में ही कर दिया जायेगा।

उक्त निर्माण हेतु विकल्पों पर विचार किया गया, किन्तु वैकल्पिक सील उपलब्ध न होने के कारण एकमात्र उपलब्ध स्थलों को ही निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त पाया गया। उक्त स्थल के मध्य कोई मंदिर, मस्जिद, कब्रस्तान, धार्मिक स्थल आदि नहीं पड़ते हैं, स्थल का निरीक्षण भूगर्भवेत्ता द्वारा किया जा चुका है, भूगर्भीय दृष्टि से यह उचित पाया गया है। उक्त प्रयोजन हेतु 0.893 हे0 में ही भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव गठित किया जा रहा है जो कि निर्माण हेतु न्यूनतम है।

अतः 0.893 हे0 सिविल/आरक्षित वनभूमि की आवश्यकता है, जो न्यूनतम है। उक्त वनभूमि लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण करने हेतु प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा हैं।

कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता<br>प्रां0 खं0 लो0नि0वि0,<br>गोपेश्वर